सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-440**
17/09/2017

मुख्यमंत्री ने स्व0 सुबोध कुमार के शोक संतप्त परिजनो से मुलाकात कर सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने स्व0 देवेन्द्र प्रसाद उर्फ दुलारी सिंह के श्राद्धकर्म में भाग लिया

पटना, 17 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज ग्राम अहियातपुर, पोस्ट भोजपुर, प्रखण्ड नगरनौसा, जिला नालंदा जाकर स्व0 सुबोध कुमार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्व0 सुबोध कुमार के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ग्राम+पोस्ट अकैड़ थाना नगरनौसा जिला नालंदा पहुॅचकर स्व0 देवेन्द्र प्रसाद उर्फ दुलारी सिंह (भूतपूर्व मुखिया) के श्राद्धकर्म में भाग लिया। उन्होंने स्व0 सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि भी दी। मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों से भी मुलाकात की और अपनी संवदेना व्यक्त की।

इस अवसर पर सांसद श्री आर0सी0पी0 सिंह, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक श्री हरिनारायण सिंह, विधानपार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गॉधी जी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******